भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4208

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

तिरूपत्तुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार

4208. डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए तमिलनाडु में वर्तमान तिरूचि-पेरंबलुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का तिरुपत्तुर ब्रहमा मंदिर तक विस्तार करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा भविष्य में उक्त मंदिर तक राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार करने की तिरुपत्तुर के लोगों और तीर्थयात्रियों की मांग पर विचार किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): तिरुपत्तुर ब्रहमा मंदिर सिरुगानूर से मात्र 4.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो पहले से ही पेरंबलुर और त्रिची के बीच 4-लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 38 पर है। वर्तमान में रारा-38 का तिरुपत्तुर ब्रहमा मंदिर तक विस्तार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****